डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई – 42

आभासी राष्ट्रीय खेल दिवस 2021

हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन को हर साल राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल, चेन्नई में आभासी मंच द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यू ट्यूब लिंक बनाकर इस आभासी कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री मंत्र के पाठ एवं ईश स्तुति के साथ हुआ। पहले विद्यार्थियों ने खेलों के विभिन्न लाभों पर प्रकाश डाला और डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, चेन्नई के पूर्व छात्रवृंद प्रसिद्ध आई.पी.एल. क्रिकेट खिलाड़ी मुरुगन अश्विन, बैडमिंटन खिलाड़ी एवं एथलीट अरुण .आर .पी तथा महत्वाकांक्षी ट्राइएथलीट व साइकिलिस्ट श्रेयास विश्वक .वी ने वीड़ियो द्वारा छात्र–छात्राओं को संदेश दिया, जो प्रेरणादायक था। खेलों की आवश्यकता पर विद्यार्थियों द्वारा एक रोचक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में भारत में त्योहारों के दौरान आयोजित किए जाने वाले खेलों का विस्तृत परिचय दिया गया। तत्पश्चात विभिन्न खेलों के नियमों के बारे में पी.पी.टी. द्वारा समझाया गया जो ज्ञानवर्धक था। ओलंपिक खेलों के कुछ यादगार मार्मिक क्षणों को वीडियो के रूप में दिखाया गया जिसने दर्शकों के हृदय को छू लिया था। अंत में विद्यालय के कई खिलाड़ियों ने कोरोनो लॉकडाउन के दौरान अपने प्रशिक्षण के अनुभवों का साझा किया। शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



विभिन्न खेलों के नियमों के बारे में ज्ञानवर्धक पी.पी.टी प्रस्तुतीकरण